संख्या-17/2026/289(1)/002-78-01099-94/2024

प्रेषक,

नेहा जैन,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक उद्योग,
कानपुर, उ0प्र0।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक: 24-03-2026

विषय:- शासकीय कार्यालयों का आधुनिकीकरण-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान के लिए पुनर्विनियोग के माध्यम से रु0 12.00 लाख (रूपये बारह लाख मात्र) की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी के पत्र संख्या-यूपीएलसी:आईसीपी:9064(2025-26)/4399, दिनांक 28 फरवरी, 2026 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासकीय कार्यालयों का आधुनिकीकरण- आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान के संबंध में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के शासकीय आय-व्ययक में राजस्व लेखा शीर्ष "2852-उद्योग, 80-सामान्य, 800, अन्य व्यय-32-उ0प्र0 सेमीकण्डक्टर नीति के अन्तर्गत निवेशकों को वित्तीय प्रोत्साहन-42-अन्य व्यय" मद में वर्तमान उपलब्ध प्राविधान रु0 19423.36 लाख में से रु0 12.00 लाख की धनराशि का पुनर्विनियोग राजस्व लेखाशीर्ष "2852-उद्योग-07-दूरसंचार तथा इलेक्ट्रानिक उद्योग-202-इलेक्ट्रानिक्स-03-शासकीय कार्यालयों का आधुनिकीकरण-58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान" मद में संक्रमण करते हुए संलग्न बी0एम0-9 प्रपत्र(प्रति संलग्न) में उल्लिखित धनराशि रु0 12.00 लाख (रूपये बारह लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति, निदेशक उद्योग के निर्वतन पर रखे जाने की निम्निलिखित शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) उद्योग निदेशक द्वारा वित्त विभाग के आदेश संख्या-बी-1-417/10-2013-16/94, दिनांक 26 फरवरी, 2013 में दी गयी प्रक्रियानुसार सेंट्रल सर्वर के माध्यम से सम्बंधित कोषागार को बजट आवंटन भेजे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-ए-2-1637/दस-14(1)/75 दिनांक 26-06-1975 के वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5, भाग-1 के प्रपत्र संख्या-6(ए) (संशोधित) द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ द्वारा बिल बनाकर उसे संयुक्त निदेशक, उद्योग, लखनऊ मण्डल लखनऊ को प्रतिहस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

(3) उक्त धनराशि का लेखा-जोखा उद्योग निदेशक, कानपुर द्वारा अपने यहां भी रखा जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(4) उक्त धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यकता होने पर ही राजकोष से किया जायेगा।

(5) धनराशि का आहरण कर उसे पीएलए/बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा।

(6) बचत की धनराशि एवं व्यय की जाने वाली धनराशि का औचित्य उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) जिस मद से पुनर्विनियोग किया जा रहा है उसमें अतिरिक्त धनराशि की माँग नहीं की जायेगी।

(8) जिस प्रयोजन हेतु धनराशि की माँग की जा रही है, उसी मद में ही आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।

(9) जिस मद में पुनर्विनियोग किया जा रहा है, उसका सदुपयोग इसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा।

(10) स्वीकृति धनराशि व्यय किये जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 27 मार्च, 2025 एवं अन्य संगत शासनादेशों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ, नीति/योजना के अनुसार इकाई की पात्रता एवं आकड़ों की शुद्धता का परीक्षण कर संतुष्ट हो लेंगे।

(12) किसी भी वित्तीय अनियमितता के लिए उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ उत्तरदायी होगा।

(13) आहरित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 12,00,000 (रुपये बारह लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 007 लेखा शीर्षक 2852072020300 शासकीय कार्यालयों का आधुनिकीकरण मानक मद 58 आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीया,

नेहा जैन

विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव:-

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।

2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।

3- निदेशक, कोषागार, जवाहर भवन लखनऊ।

4- निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन लखनऊ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5- मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट लखनऊ, उ0प्र0।

6- संयुक्त निदेशक, उद्योग लखनऊ मण्डल, लखनऊ।

7- प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, लखनऊ।

8- प्रबन्ध निदेशक, यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0, लखनऊ।

9- राज्य समन्वयक, सेन्टर फार ई-गवर्नेन्स लखनऊ।

10- उप निदेशक, वित्त मंत्रालय,प्लान फाइनेंस-1 डिवीजन व्यय विभाग,भारत सरकार,नई दिल्ली।

11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6/नियोजनअनु0-4, उ0प्र0, शासन।

12- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/लघु उद्योग अनु0-3/औद्योगिक विकास अनु0-2/ आई0टी0 एवं इले0 अनुभाग-2, उ0प्र0, शासन।

13- अनु सचिव/नोडल अधिकारी, बजट एलॉटमेंट सिस्टम,आई0टी0 एवं इले0 विभाग, उ0प्र0 शासन।

14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
नेहा जैन,
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

बी एम-9 (भाग - 1)

पुनर्विनियोग के लिए आवेदन / स्वीकृति

(संदर्भ : बजट मैनुअल का प्रस्तर- 158)

A078-20252026-78-01099-94-2024

विषय:- शासकीय कार्यालयों का आधुनिकीकरण- आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान के लिए पुनर्विनियोग के माध्यम से रु 12.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

निम्नलिखित निधियो से प्रस्तावित संक्रमण

अनुदान संख्या	लेखाशीर्ष	मानक मद	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध अनुदान / विनियोग	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध बचत	संक्रमित की जाने वाली धनराशि	वित्त विभाग द्वारा संक्रमण हेतु अनुमोदित धनराशि	संक्रमण के पश्चात् शेष अनुदान / विनियोग	वित्तीय वर्ष
007	2852808003200 (उत्तर प्रदेश सेमीकण्डक्टर नीति के अन्तर्गत निवेशकों को वित्तीय प्रोत्साहन)	42 (अन्य व्यय)	1,94,23,36,000 रुपये एक अरब चौरानबे करोड़ तेईस लाख छत्तीस हजार मात्र	1,94,23,36,000 रुपये एक अरब चौरानबे करोड़ तेईस लाख छत्तीस हजार मात्र	12,00,000 रुपये बारह लाख मात्र	12,00,000 रुपये बारह लाख मात्र	1,94,11,36,000 रुपये एक अरब चौरानबे करोड़ ग्यारह लाख छत्तीस हजार मात्र	2025-2026
कुल					₹ 12,00,000	₹ 12,00,000		

निम्नलिखित निधियो मे प्रस्तावित संक्रमण

अनुदान संख्या	लेखाशीर्ष	मानक मद	वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध / विनियोग	संक्रमण हेतु प्रस्तावित धनराशि	वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित संक्रमण की धनराशि	संक्रमण के पश्चात् उपलब्ध अनुदान / विनियोग	वित्तीय वर्ष
007	2852072020300 (शासकीय कार्यालयों का आधुनिकीकरण)	58 (आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान)	1,50,00,000 रुपये एक करोड़ पचास लाख मात्र	12,00,000 रुपये बारह लाख मात्र	12,00,000 रुपये बारह लाख मात्र	1,62,00,000 रुपये एक करोड़ बासठ लाख मात्र	2025-2026
कुल				₹ 12,00,000	₹ 12,00,000		

कृपया उपरोक्त प्रस्ताव पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रशासनिक विभाग को अनुमोदन देना चाहे :-

कृपया उपरोक्त प्रस्ताव पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रशासनिक विभाग को अनुमोदन देना चाहे :-

(1) बचत/अतिरिक्त व्यय का कारण निम्नानुसार है:-वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में लेखाशीर्षक "2852-उद्योग, 80-सामान्य, 800, अन्य व्यय-32-उ0प्र0 सेमीकण्डक्टर नीति के अन्तर्गत निवेशकों को वित्तीय प्रोत्साहन-42-अन्य व्यय"मद के अन्तर्गत धनराशि रु 19423.36 लाख की बचत संभावित है एवं लेखाशीर्ष "2852-उद्योग-07-दूरसंचार तथा इलेक्ट्रानिक उद्योग-202-इलेक्ट्रानिक्स-03-शासकीय कार्यालयों का

आधुनिकीकरण-58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान"मद में वर्तमान के दृष्टिगत धनराशि रु0 12.00 लाख का अतिरिक्त व्यय सम्भावित है।

(2) प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त पुनर्विनियोग में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-150, 151, 154 व 155 में निर्दिष्ट प्रतिबन्धों/परिसीमाओं का उल्लंघन नहीं होता है।

संख्या:RE-budget-1-557-E-6-183-X-2025-26-दिनांक: 19-03-2026

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम
उ0प्र0, इलाहाबाद

नेहा जैन

विशेष सचिव

शैलेन्द्र कुमार राय

अनु सचिव

संख्या :283/78-1-2026 दिनांक- 24-मार्च, 2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निदेशक, उद्योग कानपुर (नियंत्रक अधिकारी)
2. मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, लखनऊ
3. निदेशक वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ
4. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 (तीन प्रतियों में)

आज्ञा से

नेहा जैन
विशेष सचिव